CBSE Class 7 Hindi Unseen Passages

अपठित गद्यांश

'अपठित' शब्द का अभिप्राय है- जो पहले पढ़ा न गया हो। अपठित गद्यांश पाठ्यपुस्तकों से नहीं दिए जाते। ये ऐसे गद्यांश होते हैं जिन्हें छात्रों ने कभी नहीं पढ़ा होता। इस प्रकार के गद्यांश देकर विद्यार्थियों से उन पर आधारित प्रश्न पूछे जाते हैं। अपठित गद्यांशों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित बातों का ध्यान रखना चाहिए।

- दिए गए गद्यांश को कम से कम दो तीन बार अवश्य पढ़ ले।
- पूछे गए प्रश्नों के उत्तरों को रेखांकित कर लें।
- प्रश्नों के उत्तर, पूरी तरह समझकर सरल भाषा में लिखें।
- भाषा व्याकरण सम्मत होनी चाहिए।
- उत्तर गद्यांश या काव्यांश से होना चाहिए। उसमें अपने विचार समाहित कर उत्तर नहीं देना चाहिए।
- सभी उत्तर देने के बाद उन्हें एक बार अवश्य पढ़ लें।

उदाहरण (उत्तर सहित)

1. एक जंगल में परिजात का एक पेड़ था। परिजात का कोई मुकाबला नहीं था। उसकी सुंदरता बेजोड़ थी। उसका रंग-रूप निराला था। परिजात को भी अपने गुणों का पूरा-पूरा पता था। नीले आसमान में सिर उठाए इस शान से खड़ा रहता, मानों पेड़ों का सरताज हो। जब बहार के दिन आते तो परिजात अनगिनत नन्हें-नन्हें फूलों से लद जाता, लगता मानों किसी ने आकाश से सारे तारे तोड़कर परिजात की शाखाओं पर टाँक दिए हो। नन्हें फूलों से झिलमिलाता परिजात जब सुगंध भरी पराग जंगल में बिखेरता तो जंगल नंदन बन जाता। चुंबक की तरह परिजात सबको अपनी तरफ़ खींचता, जिसे देखो, वही परिजात की तरफ़ भागता । सतरंगी शालें ओढ़े चटकीली तितलियाँ सहेलियों के साथ झुंड का झुंड बनाकर परिजात का श्रृंगार देखने आतीं तथा जाते-जाते फूलों को खींचकर ढेरों पराग अपने साथ ले जाती।

प्रश्न

(क) जंगल में किसका पेड़ था?
(i) नीम
(ii) परिजात
(iii) पीपल
(iv) आम

(ख) परिजात अपने आप को स्वयं क्या समझता था?
(i) पेड़ों का सरताज
(ii) पेड़ों का दास

(iii) ईश्वर
(iv) इनमें से कोई नहीं

(ग) वह अनगिनत फूलों से कब लद जाता था?
(i) बहार में
(ii) पतझड़ में
(iii) वर्षा में
(iv) सरदी में

(घ) तितलियाँ क्या करती थीं?
(i) उसके फूलों का पराग ले जाती थीं
(ii) फूल ले जाती थीं
(iii) डालों पर गाना गाती थीं
(iv) कुछ नहीं करती थीं

(ङ) इस गद्यांश का शीर्षक है
(i) परिजात एक वृक्ष
(ii) परिजात पेड़ों का सरताज
(iii) परिजात जंगल का राजा
(iv) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-
(क) (ii)
(ख) (i)
(ग) (i)
(घ) (i)
(ङ) (ii)

2. बढ़ती जनसंख्या ने अनेक प्रकार की समस्याओं को जन्म दिया है- रोटी, कपड़ा, मकान की कमी, बेरोजगारी, निरक्षता, कृषि एवं उद्योगों के उत्पादनों में कमी आदि। हम जितना अधिक उन्नति करते हैं या विकास करते हैं जनसंख्या उनके अनुपात में कहीं अधिक बढ़ जाती है। बढ़ती जनसंख्या के समक्ष सभी सरकारी प्रयास असफल दिखाई देते हैं। कृषि उत्पादन और औद्योगिक विकास बढ़ती जनसंख्या के सामने नगण्य सिद्ध हो रहे हैं। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए जनसंख्या वृधि पर नियंत्रण की अति आवश्यकता है। इसके बिना विकास के लिए किए गए सभी प्रकार के प्रयत्न अधूरे रह जाएँगे।

प्रश्न
(क) बढ़ती जनसंख्या ने किसे जन्म दिया है?
(i) दुर्गुणों को
(ii) अनेक प्रकार की समस्याओं को

(iii) दुर्भावनाओं को
(iv) अनेक प्रकार की विपदाओं को।

(ख) विकास कार्य क्यों नहीं दिखाई देते ?
(i) राजनीतिक अक्षमता के कारण
(ii) समस्याओं के कारण
(iii) भ्रष्टाचार के कारण
(iv) जनसंख्या की वृद्धि के कारण

(ग) बढ़ती जनसंख्या ने इनमें से किस समस्या को जन्म नहीं दिया है?
(i) रोटी कपड़े की समस्या
(ii) बेरोजगारी की समस्या
(iii) निरक्षरता की समस्या
(iv) दहेज की समस्या

(घ) बढ़ती जनसंख्या के समक्ष कौन से प्रयास असफल दिखाई देते हैं?
(i) सभी सरकारी प्रयास
(ii) सभी मानवीय प्रयास
(iii) सभी गैर-सरकारी प्रयास
(iv) सभी सामाजिक प्रयास

(ङ) “नगण्य” शब्द का सही अर्थ है
(i) बहुत
(ii) थोड़ा
(iii) पर्याप्त
(iv) अपर्याप्त

उत्तर-
(क) (ii)
(ख) (iv)
(ग) (iv)
(घ) (i)
(ङ) (iv)

अभ्यास (उत्तर रहित)

3. गरमी के इस प्रकोप से अपने आपको बचाने के लिए मनुष्य ने उपाय खोज निकाले हैं। साधारण आय वाले घरों में बिजली के पंखे चल रहे हैं, जो नर-नारियों की पसीने से रक्षा करते हैं। अमीरों के यहाँ वातानुकूलन यंत्र लगे हैं। समर्थ जन गरमी से बचने के लिए पहाड़ी स्थलों पर चले जाते हैं और ज्येष्ठ की तपती दोपहरी पहाड़ की ठंडी हवाओं में बिताते हैं। प्यास बुझाने के लिए शीतल पेय है बर्फ और बर्फ से बने पदार्थ ग्रीष्म के शत्रु और लोगों के लिए वरदान हैं।

प्रश्न

(क) गरमी के प्रकोप से बचने के लिए किसने उपाय खोज निकाले हैं?

(i) मछलियों ने

(ii) जानवरों ने

(iii) मनुष्यों ने

(iv) इन सभी ने

(ख) अमीरों के यहाँ क्या लगे हुए हैं?

(i) वातानुकूलन के यंत्र

(ii) भूकंपरोधी यंत्र

(iii) परीक्षण यंत्र

(iv) उपर्युक्त सभी

(ग) समर्थ जन गरमी से बचने के लिए कहाँ चले जाते हैं?

(i) हिमालय पर

(ii) शिमला

(iii) पहाड़ों पर

(iv) कन्याकुमारी

(घ) प्यास बुझाने के लिए क्या है?

(i) पानी

(ii) शीतल पेय

(iii) घड़े का जल

(iv) फ्रिज का जल

(ङ) गरमी में आम लोगों के लिए क्या है?

(i) बर्फ और बर्फ से बने पदार्थ

(ii) शीतल पेय

(iii) पानी

(iv) प्याऊ

XXXXXX